आकाशवाणी केन्द्र शिमला
15.10.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव के लिए प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्कूलों की संख्या बढ़ाने के बजाय गुणवत्तायुक्त और जीवनोयोगी शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसी मकसद से सरकार ने इस वर्ष शिक्षा के बजट में एक हजार करोड़ रूपए की बढ़ौतरी की है। मुकेश अग्निोत्री आज ऊना में राज्य स्तरीय अंडर 19 लड़कों की खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से 7 सौ 30 छात्र हिस्सा ले रहे हैं। अग्निहोत्री ने आरोप लगाया कि भाजपा नेता प्रदेश में आर्थिक संकट को लेकर अफवाहें फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार केवल ऐसे स्कूलों को बंद कर रही है जहां बच्चों की संख्या शुन्य है। उन्होंने कहा कि जहां जरूरत होगी सरकार वहां नये स्कूल खोलेगी।

उद्योग मंत्री

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि शिलाई विधानसभा क्षेत्र का विकास हमेशा उनकी प्राथमिकता रहा है। हर्षवर्धन चौहान आज शिलाई में लोगों की समस्याएं सुनने के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र में सड़क, शिक्षा, स्वास्थय , बिजली, सिंचाई और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की अनेक योजनाएं क्रियान्वित की गई हैं। इनके पूर्ण होते ही क्षेत्र के लोगों को बड़े पैमाने पर लाभ होगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा रखी गई सभी मांगों को शीघ्र पूरा किया जाएगा।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज मंडी स्थित अपने कैंप कार्यालय में पहली बार लोगों की समस्याएं सुनीं। इस मौके पर जिले के विभिन्न संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। विक्रमादित्य सिंह ने सभी समस्याओं के शीघ्र निपटारे का आश्वासन दिया। आज अधिकांश समस्याएं संपर्क सड़कों के निर्माण, फोरलेन निर्माण, बिजली और पानी से संबंधित थी।

किशोरी लाल

मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने कहा है कि आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, पानी और सड़क सुविधा उपलब्ध करवाना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। बैजनाथ में आज जनसमस्याएं सुनने के मौके पर उन्होंने कहा कि इन समस्याओं के समयबद्ध निराकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बाद में ब्लैक बेरेट्स कॉम्बैट सर्विस के वार्षिक समारोह की अध्यक्षता भी की। किशोरी लाल ने इस मौके पर कहा कि हिमाचल से अधिकतर जवान सेना में भर्ती होते हैं और देश सेवा के लिए तत्पर रहते हैं।

संचार सेवा

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत में बीते दो सप्ताह से मोबाईल सेवा बंद है। पंचायत उप–प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने आकाशवाणी को बताया की मोबाईल सेवा ठप्प होने से इस पंचायत के लोगों का शेष दुनिया से संचार संपर्क कट गया है जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतें आ रही है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन व प्रदेश सरकार से पंचायत में मोबाईल फोन सेवा तुरंत बहाल करने की मांग की है।

शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल

शिमला फ्लाइंग फेस्टिवल कल 16 अक्तूबर से 19 अक्तूबर तक शिमला के जुन्गा में आयोजित होगा। फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग, जिला प्रशासन और एम.एस.एम.ई. मंत्रालय द्वाया संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य शिमला में पर्यटन को बढ़ावा देना है। फेस्टिवल के दौरान हॉस्पिटेलिटी एक्सपो भी आयोजित किया जा रहा है जिसमें लगभग 60 प्रदर्शक अपने स्टोल लगाएंगे। चार दिनों तक चलने वाले इस फेस्टिवल में न केवल रोमांचकारी पैराग्लाईडिंग देखने को मिलेगी बल्कि प्रदर्शनी और सेमीनार का आयोजन होगा।

डाक अदालत

हिमाचल प्रदेश डाक परिमंडल कार्यालय और इसके तहत आने वाले सभी डाक घरों में 22 अक्तूबर को डाक अदालत का आयोजन होगा। डाक अदालत में जनता की डाक से

संबंधित शिकायते सुनीं जाएंगी। यदि किसी को डाक से संबंधित कोई शिकायत है तो वे आज सांय तक सहायक पोस्ट मास्टर जनरल के कार्यालय को भेज सकते हैं।

<u>मॉकड्रिल</u>

स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थियों को आपदा के समय बचाव के बारे में जागरूक करने के लिए आज डिग्री कॉलेज सोलन में ज़िला प्रशासन द्वारा मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। मॉकड्रिल के दौरान एनडीआरएफ, होम गार्ड और अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने कॉलेज के विद्यार्थियों को आपदा के समय बचाव के बारे में जानकारी दी। ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के विशेषज्ञ प्रदीप ठाकुर ने कहा कि अक्तूबर महीने में प्रदेशभर में समर्थ कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

————————————